राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : कम्प्यूटर विज्ञान

पाठ 8 : डिजिटल दस्तावेज

कार्यपत्रक - 8

1. महामारी के दौरानस्वयं को व्यस्त रखने के लिए एनी ने एक लेखक के रूप में इंटर्नशिप के लिए एक कंपनी में आवेदन दिया।कंपनी की चयन प्रक्रिया के अनुसार उसे कम्पनी द्वारा दिए विषय पर एक लेख लिखना था । कंपनी के अनुसार लेख अच्छी तरह से स्वरूपित किया जाना चाहिए और अगर इमेज का प्रयोग किया जाए तो उनके स्रोतों का भी उल्लेख हो। एनी को लेख मेल में लिखना चाहिए या दस्तावेज़ टाइप करने के लिए एक वर्ड प्रोसेसर का प्रयोग करना चाहिए? अपने चुनाव का कारण लिखें |

2. आपको अपने दस्तावेज़ में विभिन्न फ़ॉन्ट आकार, फ़ॉन्ट रंग, बोल्ड, इटालिक्स और रेखांकित का उपयोग कब करना चाहिए? एक उदाहरण के साथ समझाएं । इसके अलावा, इन सुविधाओं के प्रयोग के तरीके को भी स्पष्ट करें।

3. कई बार वर्ड प्रोसेसर में टेक्स्ट टाइप करते समय हमें शब्दों या वाक्यों के नीचे लाल और नीली लहराती रेखाएं मिलती हैं। इन लहराती रेखाओं से क्या संकेत मिलता है? स्पष्ट करें।

4. सम्पदा ने 100 पृष्ठों के अपने रिसर्च रिपोर्ट में पाया कि कई शब्दों को उसे अप्परकेस , कई शब्दों को लोअरकेस और कुछ शब्दों को सेंटेंस केस में लिखना चाहिए था | उसने ऐसे सभी शब्दों की सूची बना ली | एक एक अक्षर पढ़ कर खोजने में फिर उसे बदलने में काफी समय लग जाएगा | वर्ड प्रोसेसर के ऐसे ऑप्शन के बारे में लिखें जो उसे सुधार कुशलतापूर्वक और जल्दी करने में मदद कर सकते हैं।

5. किसी समाचार पत्र या किसी भी पाठ्यपुस्तक का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करें और उनमें उपयोग हुए फार्मेटिंग ऑप्शन के उपयोग को पहचानें और संभावित कारण लिखें |

6. एक उदाहरण का उपयोग करके समझाएं कि आपको किन स्थितियों में लिस्ट बनाते वक़्त बुलेट का उपयोग करना चाहिए और किन स्थितियों में आपको नंबरिंग का उपयोग करना चाहिए?

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : कम्प्यूटर विज्ञान

पाठ 8 : डिजिटल दस्तावेज

कार्यपत्रक - 8

इसके अलावा, एक वर्ड प्रोसेसर में बनाए गए अपने दस्तावेज़ में बुलेट और नंबरिंग को लागू करने के चरणों को प्रस्तुत करें।

7. लैंडस्केप और पोर्ट्रेट्स कला की दुनिया से चुने गए शब्द हैं। एक वर्ड प्रोसेसर में इनका क्या मतलब है? एक उदाहरण के साथ स्पष्ट करें |

8. डैनियल ने एक डॉक्यूमेंट बनाया और उसे "कंप्यूटर विज्ञान प्रथम" नाम से सेव किया | फिर उसी डॉक्यूमेंट में कुछ बदलाव कर उसने दूसरा डॉक्यूमेंट बनाया ctrl + s दबा कर सेव किया | उसने पाया किदूसरे डॉक्यूमेंट का नाम "कंप्यूटर विज्ञान प्रथम" हो गया | डैनियल ने क्या भूल की है? उसको क्या करना चाहिए था? स्पष्ट करें।

9. अन्वेषा ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई थी और उसका प्रिंटआउट लिया था। अचानक उसे एहसास हुआ कि पृष्ठ क्रम में नहीं थे । वह अध्याय का नाम हर पृष्ठ के शीर्ष परऔर पृष्ठ संख्या हर पृष्ठ के आखिर में चाहती है । वर्ड प्रोसेसर की कौन सी सुविधा से वह ऐसा कर सकती है? स्टेप्स भी लिखें |

10. आपने अपने ग्रैंड पैरेंट्स की 50वीं शादी की सालगिरह के लिए एक सुंदर आमंत्रण पत्र बनाया है। आपने लिफाफे भी खरीदे हैं और अब आप रिश्तेदारों के नाम के साथ प्रिंटआउट लेना चाहते हैं। एक तरीका है कि सभी के नाम एक एक कर टाइप किये जाएँ या फी मेल मर्ज का इस्तेमाल किया जाए| मेल मर्ज ऐसी परिस्थिति में कैसे उपयोगी साबित होगा? स्पष्ट करें |